अरूण कुमार सिन्हा
प्रमुख सचिव ।

अर्द्धशा0प0सं0–611/8–4–09–402एन/09

आवास एवं शहरी नियोजन अनु0–4

उत्तर प्रदेश शासन

लखनऊः दिनांकः 30 अप्रैल,2010

प्रिय महोदय,

वर्ष 2009–10 के लिए नजूल भूमि के फ्री होल्ड से प्राप्त होने वाले राजस्व का लक्ष्य प्रदेश के लिए रू0 81.10 करोड़ निर्धारित था । राजस्व में वृद्धि की सरकार की प्राथमिकता के दृष्टिगत नजूल से प्राप्त होने वाले निर्धारित उपरोक्त लक्ष्य को पूरा करने के लिए शासन स्तर से सतत निर्देश दिये जाते रहे और वीडियो कान्फ्रेसिंग भी की गयी । कुछ जनपदों ने इस दिशा में सार्थक पहल करके उनके जनपद के लिए निर्धारित राजस्व के लक्ष्य को प्राप्त किया । कुछ जनपदों ने निर्धारित लक्ष्य से भी अधिक राजस्व प्राप्त किया है। इन दोनों श्रेणियों के जनपदीय अधिकारी सराहना के पात्र हैं। अवशेष जनपदों की अरूचि के कारण निर्धारित राजस्व के लक्ष्य की प्राप्ति नहीं हो सकी । प्रदेश स्तर पर राजस्व प्राप्ति रू0 45.56 करोड़ रही।

2– इस विषय पर गम्भीरता से विचार करने की आवश्यकता है। अतः कृपया आप अपने स्तर पर स्वयं इसकी समीक्षा कर लें कि निर्धारित राजस्व प्राप्त न होने का क्या कारण है और उसका निराकरण करके अधिकतम राजस्व किस प्रकार प्राप्त किया जा सकता है। इस समीक्षा में नजूल संबंधी अभिलेखों के रख–रखाव का सावधानीपूर्वक निरीक्षण किया जाये जिसमें यह भी देख लिया जाय कि क्या अभिलेखों की स्कैनिंग करके उन्हें अधिक सुव्यवस्थित किया जा सकता है। यथास्थिति समुचित प्रस्ताव भी प्रेषित करने का कष्ट करें।

3– फ्री होल्ड हेतु विचाराधीन या परिपक्व 10 बड़े मामलों को चिन्हित करके उनका विवरण संलग्न प्रारूप 'क' में भेजा जाय। यदि कोई नीति विषयक प्रकरण विचार के लिए शासन को संदर्भित किया गया है या कोई अत्यन्त महत्वपूर्ण प्रकरण मार्गदर्शन हेतु शासन को भेजा गया है तो उसका विवरण उक्त प्रारूप 'क' में अंकित कर भेजें ।

4– नजूल भूमि की उपलब्धता के संबंध में जनपदों से प्राप्त सूचनाओं में स्थिरता नहीं है । अतः समीक्षा में निर्विवाद रूप से स्पष्ट हो जाना चाहिए कि जनपद में कुल कितनी नजूल भूमि है । उपलब्ध नजूल भूमि के संबंध में संलग्न प्रारूप–'ख' में सूचना शासन को उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

5— मुख्य सचिव महोदय ने नजूल भूमि के फ्री होल्ड की नियमित मासिक समीक्षा करके रिपोर्ट प्रस्तुत किये जाने का निदेश दिया है। तद्नुरूप प्रारूप—ग संलग्न है, जिसमें सूचना अंकित करके नियमित रूप से शासन के आवास बन्धु की ई—मेल आई०डी० **awas@up.nic.in** पर आलोच्य माह के अगले माह की 07 तारीख तक और यदि 07 को अवकाश है तो 07 के पहले कार्य दिवस को उक्त सूचना अवश्यमेव प्रेषित कर दी जाये। इस प्रकार आलोच्य माह अप्रैल, 2010 तक के फ्री होल्ड आवेदन पत्रों के निस्तारण की सूचना उक्त प्रारूप में 07.05.2010 तक भेज दी जायेऔर नियमित रूप से अनुवर्ती माह में उसे निर्धारित तिथि को प्रेषित किया जाना सुनिश्चित किया जाये।

6—मुझसे यह अनुरोध करने की अपेक्षा की गयी है कि उपरोक्तानुसार कार्यवाही करते हुए वांछित सूचना/प्रस्ताव एवं उपरोक्त प्रारूप—क व ख में सूचना शासन को 15 दिनों में तथा प्रारूप—ग में सूचना नियमित रूप से उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

सभिवादन

भवदीय,

(अरूण कुमार सिन्हा)

1— **श्री मुकेश कुमार मेश्राम,**
उपाध्यक्ष,
लखनऊ विकास प्राधिकरण,लखनऊ

2— **समस्त जिलाधिकारी (नाम से)**
उत्तर प्रदेश।(कानपुर देहात /कन्नौज /महराजगंज/कौशाम्बी /चन्दौली/श्रावस्ती/सन्तरविदासनगर/मुजफ्फरनगर/सिद्धार्थनगर /गाजियाबाद/गौतमबुद्ध नगर/बागपत/बलरामपुर/सन्त कबीर नगर /लखनऊ को छोडकर)

प्रारूप–'क'

**(i) 10 बड़े मामले का विवरण**

| कमांक | शीर्षक | क्षेत्रफल | सेक्टर मूल्य |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| | | | |
| | | | |
| | | | |
| | | | |
| | | | |
| | | | |
| | | | |
| | | | |
| | | | |
| | | | |

**(ii) शासन स्तर पर लम्बित संदर्भ का विवरणः–**

| कमांक | विषय | पत्र संख्या | दिनांक |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| | | | |
| | | | |
| | | | |
| | | | |
| | | | |

ह0– जिलाधिकारी,
(जनपद का नाम)

संलग्नक

# प्रारूप–'ख'

**जनपद का नाम–**

**दिनांक 01 अप्रैल, 2010 की स्थिति के अनुसार वर्गमीटर में –**

1– चालू पट्टे की भूमि का क्षेत्रफल

2– समाप्त पट्टे की भूमि का क्षेत्रफल

3– सार्वजनिक उपयोग की कुल भूमि का क्षेत्रफल(यदि उपरोक्त क्रमांक–1,2 की भूमि भी इसमें सम्मिलित हो तो पृथक–पृथक उसका भी उल्लेख करें)

4– राज्य सेवा विभागों के उपयोग की कुल भूमि का क्षेत्रफल (यदि उपरोक्त क्रमांक–1,2 की भूमि भी इसमें सम्मिलित हो तो पृथक–पृथक उसका उल्लेख भी करें )

5– अवैध कब्जे की भूमि का क्षेत्रफल (उसी भूमि के संबंध में सूचना दी जाये जिसका कभी पट्टा नहीं हुआ है और जो मा0 न्यायालय में विवादित नहीं है)

6– मा0 न्यायालय में लम्बित वादों में अन्तर्ग्रस्त कुल भूमि का क्षेत्रफल (यदि उपरोक्त क्रमांक–1,2,3,4,5 की भूमि इसके अन्तर्गत आती हो तो उसका पृथक–पृथक उल्लेख भी किया जाये)

7– रिक्त नजूल भूमि का क्षेत्रफल (जिसका निस्तारण नीलामी/निविदा के माध्यम से किया जाना है)

प्रमाणित किया जाता है कि अभिलेखों से उपरोक्त सूचना की पुष्टि कर ली गयी है।

**ह0– जिलाधिकारी,**
**(जनपद का नाम)**

## प्रारूप–ग

## फ्री होल्ड की स्थिति

## 01 अप्रैल, 2010 से मार्च 2011 तक

आलोच्य माह: 2010

| क0 | जनपद का नाम | प्राप्त आवेदन पत्र | | | निस्तारित (स्वीकृत/निरस्त) | | | कुल लम्बित (संख्या) | 3 माह से पुराने लम्बित (संख्या) | धनराशि का लक्ष्य (रूपये लाख ) | प्राप्त धनराशि (रूपये लाख ) | प्रतिशत उपलब्धि (12/11) | फ्री होल्ड नजूल भूमि का क्षेत्रफल (वर्गमीटर में) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | पिछले माह तक (संख्या) | आलोच्य माह मे (संख्या) | योग (संख्या) | पिछले माह तक (संख्या) | आलोच्य माह मे (संख्या) | योग (संख्या) | | | | | | |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 | 13 | 14 |
| | | | | | | | | | | | | | |

नोट: स्तम्भ–3 में अप्रैल,2010 की आख्या में दिनांक 01.04.10 को लम्बित आवेदन पत्र की संख्या अंकित की जाय। मई 2010 से 01.04.10 में से लम्बित तथा गत माह में प्राप्त आवेदन पत्र का योग अंकित किया जाय।

ह0 जिलाधिकारी
(जनपद का नाम)

संख्या–595 / 8–4–10–4एन / 10

प्रेषक,

अरूण कुमार सिन्हा,
प्रमुख सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन ।

सेवा में,

1– समस्त जिलाधिकारी,
उत्तर प्रदेश ।

2– उपाध्यक्ष,
लखनऊ विकास प्राधिकरण,
लखनऊ।

आवास एवं शहरी नियोजन अनुभाग–4 लखनऊः दिनांकः 30 अप्रैल,2010

**विषयः वित्तीय वर्ष 2010–11 में नजूल भूमि की बिकी/फ्री होल्ड हेतु वार्षिक एवं मासिक लक्ष्यों का निर्धारण एवं उनकी शत–प्रतिशत प्राप्ति हेतु अनुश्रवण की व्यवस्था ।**

महोदय,

उपरोक्त विषय पर मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि प्रदेश के आर्थिक संसाधनों की वृद्धि किये जाने हेतु करेत्तर राजस्व की प्राप्तियों के संबंध में गत वित्तीय वर्ष 2009–2010 की भांति दर्तमान वित्तीय वर्ष 2010–11 के लिए प्रदेश के विभिन्न जनपदों नें स्थित नजूल भूमि के फ्री होल्ड हेतु जनपद का वार्षिक एवं मासिक लक्ष्य निर्धारित कर उच्च स्तरीय समीक्षा किये जाने का निर्णय लिया गया है । इस निमित्त वित्तीय वर्ष 2010–11 हेतु प्रदेश के विभिन्न जनपदों का वार्षिक एवं मासिक लक्ष्य निर्धारित कर दिया गया है जिसकी जनपदवाद फ्रॉट, अनुलग्नक–1 में दी गयी है ।

2– इस संबंध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि करेत्तर प्राप्तियां एवं नजूल भूमि फी होल्ड लक्ष्य का निर्धारण शासन द्वारा उच्च स्तरीय निर्णय एवं सम्यक विचारोपरान्त किया गया है। अतः जनपदवार निर्धारित वार्षिक लक्ष्य एवं मासिक लक्ष्यों की शत–प्रतिशत प्राप्ति सुनिश्चित किया जाना नितान्त आवश्यक है । इसी कम में जनपदवार लक्ष्यों को समयान्तर्गत प्राप्त किये जाने हेतु एवं प्रभावी अनुश्रवण किये जाने हेतु कार्ययोजना तैयार की गयी है, जिसकी प्रति अनुलग्नक–2 में अवलोकनीय है।

3– अतः कृपया नजूल भूमि के फ्री होल्ड के प्रकरणों में संलग्न कार्ययोजना के अनुसार फ्री होल्ड की कार्यवाही एवं रिक्त नजूल भूमि की नीलामी आदि प्राथमिकता के आधार पर सुनिश्चित करने का कष्ट करें ताकि जनपदवार निर्धारित वार्षिक एव मासिक लक्ष्यों को समयान्तर्गत प्राप्त किया जा सकें ।

4— इस संबंध में मुझे यह भी कहने का निदेश हुआ है कि निर्धारित मासिक/वार्षिक लक्ष्य के सापेक्ष राजस्व प्राप्ति की सूचना संलग्न प्रपत्र—1 में प्रत्येक माह की 03 तारीख तक अवश्य शासन को उपलब्ध कराने तथा आवास बन्धु की ई—मेल आई0डी0 awas@up.nic.in पर भी उपलब्ध कराने का कष्ट करें ।

भवदीय,

( अरूण कुमार सिन्हा)
प्रमुख सचिव ।

**संख्या—595(1)/8—4—10तद्दिनांक**

प्रतिलिपि समस्त मण्डलायुक्त उ0प्र0 को इस आशय से प्रेषित कि वे अपने मण्डल हेतु निर्धारित वार्षिक लक्ष्य को समयान्तर्गत प्राप्त करने के लिए कार्ययोजना के अनुसार समयबद्ध कार्यवाही करने हेतु संबंधित जिलाधिकारी/जनपद अधिकारियों को प्रभावी निर्देश देने एवं उसकी समीक्षा हेतु उनके साथ समय—समय पर बैठक भी आयोजित करने का कष्ट करें ।

आज्ञा से,

( राम निरंजन )
अनु सचिव ।

**संख्या—595(2)/8—4—09तद्दिनांक**

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:—

1— प्रमुख स्टाफ आफीसर, मुख्य सचिव, उ0प्र0 शासन ।
2— प्रमुख सचिव वित्त, उ0प्र0 शासन ।
3— वित्त संसाधन (सामान्य) अनुभाग।
4— वित्त (व्यय नियंत्रण) अनुभाग—8
5— निदेशक, वित्तीय सांख्यिकी निदेशालय, जवाहर भवन, लखनऊ।

आज्ञा से,

( राम निरंजन )
अनु सचिव ।

# नजूल भूमि का जनपदवार वित्तीय वर्ष 2010—11 का मासिक/वार्षिक लक्ष्य

| क0सं0 | जनपद का नाम | वित्तीय वर्ष 2010—11 का वार्षिक लक्ष्य | वित्तीय वर्ष 2010—11 का मासिक लक्ष्य |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| **आगरा मण्डल** | | | |
| 1 | आगरा | 100.00 | 8.34 |
| 2 | फिरोजाबाद | 40.00 | 3.34 |
| 3 | मथुरा | 80.00 | 6.66 |
| 4 | मैनपुरी | 2.00 | 0.16 |
| | मण्डल योग | 222.00 | 18.50 |
| **अलीगढ़ मण्डल** | | | |
| 5 | अलीगढ़ | 160.00 | 13.34 |
| 6 | महामाया नगर (हाथरस) | 2.00 | 0.16 |
| 7 | एटा | 2.00 | 0.16 |
| 8 | काशीराम नगर | 2.00 | 0.16 |
| | मण्डल योग | 166.00 | 13.82 |
| **आजमगढ़ मण्डल** | | | |
| 9 | आजमगढ़ | 2.00 | 0.16 |
| 10 | बलिया | 2.00 | 0.16 |
| 11 | मऊ | 2.00 | 0.16 |
| | मण्डल योग | 6.00 | 0.50 |
| **इलाहाबाद मण्डल** | | | |
| 12 | इलाहाबाद | 1400.00 | 116.66 |
| 13 | • कौशाम्बी | — | — |
| 14 | प्रतापगढ़ | 4.00 | 0.34 |
| 15 | फतेहपुर | 2.00 | 0.16 |
| | **मण्डल योग** | 1406.00 | 117.16 |

| | | | |
|---|---|---|---|
| **कानपुर मण्डल** | | | |
| 16 | इटावा | 2.00 | 0.16 |
| 17 | औरैया | 2.00 | 0.16 |
| 18 | कन्नौंज | — | — |
| 19 | • कानपुर देहात | — | — |
| 20 | कानपुर नगर | 340.00 | 28.34 |
| 21 | फर्रुखाबाद | 20.00 | 1.66 |
| | मण्डल योग | 364.00 | 30.34 |
| **गोरखपुर मण्डल** | | | |
| 22 | कुशीनगर | 2.00 | 0.16 |
| 23 | गोरखपुर | 180.00 | 15.00 |
| 24 | देवरिया | 2.00 | 0.16 |
| 25 | • महराजगंज | — | — |
| | मण्डल योग | 184.00 | 15.34 |
| **चित्रकूट धाम मण्डल** | | | |
| 26 | चित्रकूट | 2.00 | 0.16 |
| 27 | बांदा | 40.00 | 3.34 |
| 28 | महोबा | 2.00 | 0.16 |
| 29 | हमीरपुर | 10.00 | 0.82 |
| | **मण्डल योग** | 54.00 | 4.50 |
| **झांसी मण्डल** | | | |
| 30 | झांसी | 100.00 | 8.34 |
| 31 | जालौन | 6.00 | 0.50 |
| 32 | ललितपुर | 400.00 | 33.34 |
| | **मण्डल योग** | 504.00 | 42.00 |
| **देवीपाटन मण्डल** | | | |
| 33 | **गोण्डा** | 100.00 | 8.34 |
| 34 | **बलरामपुर** | — | — |
| 35 | **बहराइच** | 20.00 | 1.66 |
| 36 | **• श्रावस्ती** | — | — |
| | **मण्डल योग** | 120.00 | 10.00 |

फैजाबाद मण्डल

| | | | |
|---|---|---|---|
| 37 | अम्बेडकर नगर | 80.00 | 6.66 |
| 38 | फैजाबाद | 40.00 | 3.34 |
| 39 | बाराबंकी | 10.00 | 0.82 |
| 40 | सुल्तानपुर | 4.00 | 0.32 |
| | **मण्डल योग** | 134.00 | 11.34 |

बरेली मण्डल

| | | | |
|---|---|---|---|
| 41 | पीलीभीत | 40.00 | 3.34 |
| 42 | बदायू | 10.00 | 0.82 |
| 43 | बरेली | 180.00 | 15.00 |
| 44 | शाहजहांपुर | 2.00 | 0.16 |
| | **मण्डल योग** | 232.00 | 19.34 |

बस्ती मण्डल

| | | | |
|---|---|---|---|
| 45 | **बस्ती** | 2.00 | 0.16 |
| 46 | **सन्तकबीर नगर** | — | — |
| 47 | **• सिद्धार्थ नगर (कपिलवस्तु)** | — | — |
| | **मण्डल योग** | 2.00 | 0.16 |

मुरादाबाद मण्डल

| | | | |
|---|---|---|---|
| 48 | • ज्योतिबाफूले नगर | — | — |
| 49 | बिजनौर | 2.00 | 0.16 |
| 50 | मुरादाबाद | 20.00 | 1.66 |
| 51 | रामपुर | 10.00 | 0.82 |
| | **मण्डल योग** | 32.00 | 1.33 |

मेरठ मण्डल

| | | | |
|---|---|---|---|
| 52 | • गाजियाबाद | — | — |
| 53 | • गौतमबुद्ध नगर | — | — |
| 54 | • बागपत | — | — |
| 55 | बुलन्दशहर | 80.00 | 6.66 |
| 56 | मेरठ | 20.00 | 1.66 |
| | मण्डल योग | 100.00 | 8.34 |

| | | | |
|---|---|---|---|
| **लखनऊ मण्डल** | | | |
| 57 | उन्नाव | 2.00 | 0.16 |
| 58 | लखीमपुर खीरी | 10.00 | 0.82 |
| 59 | रायबरेली | 50.00 | 4.16 |
| 60 | लखनऊ | 2200.00 | 183.34 |
| 61 | सीतापुर | 60.00 | 5.00 |
| 62 | हरदोई | 10.00 | 0.82 |
| | मण्डल योग | 2338.00 | 194.82 |
| **वाराणसी मण्डल** | | | |
| 63 | गाजीपुर | 6.00 | 0.50 |
| 64 | • चन्दौली | — | — |
| 65 | जौनपुर | 2.00 | 0.16 |
| 66 | वाराणसी | 20.00 | 1.66 |
| | मण्डल योग | 28.00 | 2.34 |
| **मिर्जापुर मण्डल** | | | |
| 67 | **मिर्जापुर** | 40.00 | 3.34 |
| 68 | • **सन्तरविदास नगर(भदोही)** | — | — |
| 69 | **सोनभद्र** | 2.00 | 0.82 |
| | **मण्डल योग** | 42.00 | 3.50 |
| **सहारनपुर मण्डल** | | | |
| 70 | **सहारनपुर** | 80.00 | 6.66 |
| 71 | • **मुजफ्फरनगर** | — | — |
| | **मण्डल योग** | 80.00 | 6.66 |
| | **महायोग–** | 6000.00 | 500.00 |

**नोट–** जनपद कानपुर देहात/कन्नौज/ महाराजगंज/बलरामपुर/चन्दौली/श्रावस्ती/सन्त रविदास नगर/ मुजफ्फरनगर/सिद्धार्थ नगर/ गाजियाबाद /गौतमबुद्ध नगर/ बागपत/सन्त कबीर नगर/ज्योतिबाफूले नगर/कौशाम्बी (15 जनपद) में नजूल भूमि न होने की सूचना प्राप्त होने के आधार पर इन जनपदों में राजस्व प्राप्ति का लक्ष्य निर्धारित नहीं किया जा रहा है ।

**( राम निरंजन )**
अनु सचिव।

## नजूल भूमि की बिकी (फी होल्ड) से आय के लिए वित्तीय वर्ष 2010–11 के लिए निर्धारित लक्ष्यों को प्राप्त किये जाने हेतु कार्य योजना

1– नजूल संबंधी अभिलेखों का समुचित रख–रखाव जनपद स्तर पर सुनिश्चित किया जाये। नजूल रजिस्टर का डिजीटाइजेशन कराया जाये जिसके लिए व्यय राजस्व विभाग वहन करेगें।

2– जनपदों की समाप्त पट्टे की नजूल भूमि पर पुनर्प्रवेश करके उसका निस्तारण नीलामी/निविदा के माध्यम से कराये जाने की कार्यवाही की जाये।

3– फी होल्ड विषयक प्राप्त आवेदन पत्रों का समयबद्ध निस्तारण किया जाये।

4– नजूल फी होल्ड नीति का व्यापक प्रचार–प्रसार किया जाना तथा व्यापक प्रचार–प्रसार के उपरान्त प्राप्त आवेदन–पत्रों का प्राथमिकता के आधार पर एक माह के अन्दर निस्तारण किया जाये।

5– रिक्त नजूल भूमि का समाचार पत्रों में विज्ञप्ति/नीलामी/निविदा द्वारा समयबद्ध निस्तारण किया जाये।

6– नजूल फी होल्ड के ऐसे मामले जहां प्रकरण मा0 न्यायालय के समक्ष विचाराधीन है उन मामलों में शासन का पक्ष रखते हुए प्रतिशपथ दायर किया जाना तथा स्थगन आदेश को प्रभावी पैरवी कर निरस्त कराया जाये ताकि प्रकरण से संबंधित नजूल भूमि फी होल्ड की जा सके।

7– शासनसादेश संख्या–1642/8–4–06–137एन/2004 दिनांक 04.08.06 द्वारा अवैध कब्जों को विनियमित किये जाने के संबंध में शासनादेश संख्या–2268/9–आ–4–98–704एन/97, दिनांक 01.12.98 के पूर्व प्रस्तर–7 और शासनादेश संख्या–2873/9–आ–4–02–152एन/2000 टीसी दिनांक 10.12.02 के प्रस्तर–5 में की गयी व्यवस्था को समाप्त कर दिया गया है। अतः अवैध कब्जों को खाली कराकर उसका नीलामी/निविदा द्वारा निस्तारण किया जाये।

8– प्रत्येक माह कितनी नजूल भूमि फी होल्ड की गयी है के संबंध में प्रपत्र–II में शासन को सूचना भेजी जाये।

## प्रपत्र–I

जनपद का नाम

रिपोर्टिंग माह

( लाख रूपये में )

नजूल भूमि फ्री होल्ड किये जाने का जनपदवार वित्तीय वर्ष 2010–11 का वार्षिक/मासिक लक्ष्य एवं उपलब्धिय

| क0स0 | वित्तीय वर्ष 2010–11 का वार्षिक लक्ष्य | वित्तीय वर्ष 2010–11 का मासिक लक्ष्य | आलोच्य माह में उपलब्धि | वित्तीय वर्ष 2010–11 के आलोच्य माह तक कुल कमित उपलब्धि | प्रतिशत उपलब्धि (6/3) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| | | | | | |

## प्रपत्र–II
## फ्री होल्ड की स्थिति
## 01 अप्रैल, 2010 से मार्च 2011 तक

आलोच्य माहः 2010

| क्र0 | जनपद का नाम | प्राप्त आवेदन पत्र | | | निस्तारित (स्वीकृत/निरस्त) | | | कुल लम्बित (संख्या) | 3 माह से पुराने लम्बित (संख्या) | धनराशि का लक्ष्य (रूपये लाख ) | प्राप्त धनराशि (रूपये लाख ) | प्रतिशत उपलब्धि (12/11) | फ्री होल्ड नजूल भूमि का क्षेत्रफल (वर्गमीटर में) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | पिछले माह तक (संख्या) | आलोच्य माह मे (संख्या) | योग (संख्या) | पिछले माह तक (संख्या) | आलोच्य माह मे (संख्या) | योग (संख्या) | | | | | | |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 | 13 | 14 |
| | | | | | | | | | | | | | |